Chapter- 6

वचन

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- संज्ञा या सर्वनाम शब्द के जिस रूप से उसकी संख्या का पता चले, उसे वचन कहते हैं।
- वचन दो प्रकार के होते हैं। एकवचन, बहुवचन।
- शब्द के जिस रूप से उसके एक होने का पता चले, उसे एकवचन कहते हैं।
  उदाहरण- घोड़ा, टहनी, ताला, कीड़ा
- शब्द के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का पता चले, उसे बहुवचन कहते हैं।
  उदाहरण- टहनियाँ, गायें, सीटियाँ
- आदर देने के लिए बहुवचन का प्रयोग किया जाता हैं।
  उदाहरण- मामा जी आए हैं।
- कुछ शब्द सदा बहुवचन के रूप में प्रयोग किए जाते हैं।
  जैसे- आँसू, दर्शन, प्राण
- कुछ शब्द सदा एकवचन के रूप में प्रयोग किए जाते हैं।
  जैसे- पानी, दूध, जनता
- संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के वचन बदलने पर क्रिया का रूप भी बदल जाता हैं।
  जैसे- लड़का खेल रहा है। लड़के खेल रहे हैं।

आइए, अब लिखें।

१. वचन बदलिए।

क) आँख	-	आँखें	ख) सभाएँ	-	सभा
ग) छाता	-	छाते	घ) पदरदा	-	परदे
ङ) दवाई	-	दवाइयाँ	च) कुरसियाँ	-	कुरसी
छ) कवि	-	कविगण	छ) सड़कें	-	सड़क

२. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य को दुबारा लिखिए।

क) नितिन का मित्र स्वभाव से बहुत अच्छा है।

उ: नितिन के मित्र स्वभाव से बहुत अच्छे हैं।

ख) मैं कल नई पुस्तक खरीदूँगा।

उ: मैं कल नई पुस्तकें खरीदूँगा।

ग) दवाई पर लिखी तिथि जाँच लो।

उ: दवाइयों पर लिखीं तिथियाँ जाँच लो।

घ) गौ को रोटी खिला दो।

उ: गौओं को रोटियाँ खिला दो।

ङ) नाटक देखकर दर्शक झूम उठा।

उ: नाटक देखकर दर्शकगण झूम उठे।

३. एकवचन तथा बहुवचन शब्दों को अलग-अलग करके उचित स्थान पर लिखिए।

एकवचन		**बहुवचन**
गेंद	रीतियाँ, भाला, गेंद,	रीतियाँ
विधि	कहानी, सपने, विधि,	सपने
धोती	चिड़ियाँ, आँसू, धोती,	आँसू
कहानी	छात्रगण	छात्रगण
भाला		चिड़ियाँ

४. निम्नलिखित शब्दों से उनके एकवचन तथा बहुवचन रूपों को स्पष्ट करने वाले वाक्य बनाइए।

क) मोर (एकवचन) - मोर वन में नाच रहा है।

मोर (बहुवचन) - चिड़ियाघर में कई मोर हैं।

ख) सैनिक (एकवचन) - मेरे पिताजी एक सैनिक हैं।

सैनिक (बहुवचन) - सैनिक हमारे देश की रक्षा करते हैं।

ग) फल (एकवचन) - आम एक फल है।

फल (बहुवचन) - टोकरी में कई प्रकार के फल हैं।

♦♦♦